देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 277 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, गुरूवार, 13 फरवरी 2025

विचार–प्रवाह...
वापसी का तरीका





मौसम अधिकतम 21.0° न्यूनतम 11.0°

82924.41

2 गाजा में समाप्त हो जाएगा युद्धविराम
7 जायसवाल आउट और चक्रवर्ती की एंट्री ?

# माघी पूर्णिमा पर आस्था की डुबकी

## महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

प्रयागराज। माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर चल रहे महाकुंभ में बुधवार को त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक 48.83 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं। इस बीच, माघ पूर्णिमा पर अयोध्या की सरयू नदी में भी श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई। वाराणसी में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर समस्त श्रद्धालुओं और प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दीं।

प्रयागराज में माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। संगम तट के दोनों ओर श्रद्धालु ही श्रद्धालु दिखाई दे रहे हैं। माघ पूर्णिमा पर सुबह–सुबह ही करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई है। महाकुंभ के प्रमुख स्नान पर्व माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम की पावन धरा पर अपार भीड़ उमड़ी। आस्था का जनसागर त्रिवेणी में उल्लास के साथ समाई जा रही है। बुधवार दोपहर 2 बजे तक लगभग 1.73 करोड़ श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

माघ पूर्णिमा पर सबसे पहले नागा साधुओं के अखाड़ों ने डुबकी लगाई। इसके बाद अखाड़ों और फिर साधु–संतों ने पवित्र स्नान किया। इस प्रक्रिया के बाद ही श्रद्धालुओं ने स्नान करना शुरू किया। संगम तट पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूलों की बारिश की जा रही है। महाकुंभ में अब तक 46.25 करोड़ से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके हैं।

महाकुंभ के चौथे स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर सुबह सुबह 11:00 बजे तक 187 ट्रेन चला दी गई। है। इससे 4.60 लाख से अधिक यात्रियों ने यात्रा कर ली है। प्रयागराज जंक्शन के अलावा सूबेदारगंज, नैनी, छिवकी, रामबाग, झूंसी, प्रयाग व फाफामऊ यानी आठ रेलवे स्टेशनों से ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है।



### त्रिवेणी पर कड़ी चौकसी

त्रिवेणी पर कड़ी चौकसी है। हर तरफ पुलिस अलर्ट कर रही है। पुलिस फोर्स को लगातार चौकस रहने के निर्देश मिल रहे हैं। झूसी से संगम जाने वाले मार्ग की स्थिति सामान्य है। पूरे इंतजाम पर मुख्यमंत्री योगी सुबह से ही नजर बनाए हैं। वॉर रूम में मुख्यमंत्री योगी अधिकारियों के साथ मौजूद हैं। माघ पूर्णिमा स्नान पर प्रयागराज नो व्हीकल जोन है। कल्पवासियों के भी वाहन को अंदर जाने की इजाजत नहीं है। सभी वीवीआईपी पास भी रद्द कर दिए गए हैं।

### सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के त्रिवेणी संगम में स्नान का लाभ मिल सके। सीएम ने माघ पूर्णिमा स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### देश बदलाव के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है: रक्षा मंत्री

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। एयरो इंडिया 2025 में बोलते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत परिवर्तन के क्रांतिकारी दौर से गुजर रहा है और देश के लड़ाकू विमान, मिसाइल प्रणाली, नौसैनिक जहाज न केवल हमारी सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं बल्कि पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र भी बन रहे हैं। एयरो इंडिया ने ऐसी ऊंचाइयों को छुआ है जो न केवल अद्वितीय हैं बल्कि ऐतिहासिक भी हैं।

### खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में हुई धीमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी के कारण खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी में ध ीमी होकर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में 5.22 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 5.1 प्रतिशत थी।

# मुफ्त सुविधाओं के कारण लोग काम करने को तैयार नहीं

## मुफ्त की योजनाओं के एलान से सुप्रीम कोर्ट नाराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले मुफ्त सुविधाओं का एलान करने की प्रथा की निंदा की और कहा कि लोग काम करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि उन्हें मुफ्त राशन और पैसा मिल रहा है। कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों के मुफ्त के वादे करने पर नाराजगी जाहिर की है। ये टिप्पणियां न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने की। कोर्ट में बेघर लोगों को शहरी इलाकों में आश्रय स्थल मुहैया कराने की मांग को लेकर सुनवाई चल रही थी।

अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने पीठ को बताया कि केंद्र शहरी गरीबी मिशन को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में है, जो शहरी बेघरों के लिए आश्रय के प्रावधान सहित विभिन्न मुद्दों का समाधान करेगा। पीठ ने अटॉर्नी जनरल से केंद्र से यह साफ करने को कहा कि शहरी गरीबी उन्मूलन मिशन कितने समय के अंदर लागू किया जाएगा। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई छह हफ्ते के लिए टाल दी।

इससे पहले, पिछले साल अक्टूबर में भी सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फ्रीबीज को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। वह याचिका चुनाव के दौरान फ्रीबीज के ऐलान के खिलाफ थी। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से मांग की थी कि वह चुनाव आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दे कि राजनीतिक पार्टियां चुनाव से पहले मुफ्त की रेवड़ियों वाले वादें न करें।

### बिना काम के मिल रहे पैसे

न्यायमूर्ति गवई ने कहा, दुर्भाग्य से, इन मुफ्त सुविधाओं के कारण... लोग काम करने को तैयार नहीं हैं। उन्हें मुफ्त राशन मिल रहा है। उन्हें बिना कोई काम किए राशि मिल रही है। पीठ ने कहा, हम उनके प्रति आपकी चिंता की सराहना करते हैं लेकिन क्या ये अच्छा नहीं होगा कि इन लोगों को समाज की मुख्य धारा में शामिल किया जाए और देश के विकास में इन्हें भी योगदान देने का मौका मिले।

# राज्य सड़क सुरक्षा नीति 2025 को मंजूरी

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य विधानसभा के बजट सत्र से पूर्व बुधवार को धामी कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें राज्य सड़क सुरक्षा नीति 2025 को कैबिनेट की मंजूरी मिली। वनाग्नि प्रबंधन नीति के तहत वन पंचायतों व मंगल दलों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने के प्रस्ताव पर भी मुहर लगी। साथ ही आम सहमति से लैंड बैंक बनाने को मंजूरी दी गई। दो टाउनशिप के लिए लैंड बैंक बनेगा। पहाड़ में सुनियोजित टाउनशिप के लिए लैंड बैंक बनाने को मंजूरी दी गई।

राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं के मद्देनजर धामी सरकार अहम प्रस्ताव लाई है। सचिव परिवहन ने इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया है। इसके तहत पर्वतीय क्षेत्रों में एआरटीओ के 11 नए पद सृजित होने का प्रस्ताव शामिल है, जिससे पहाड़ों में वाहनों की जांच आसान हो सके। इनमें से 50 प्रतिशत पद पदोन्नति और 50 प्रतिशत पद सीधी भर्ती से भरे जाएंगे।

### कैबिनेट की बैठक

■बजट सत्र से पूर्व धामी कैबिनेट की बैठक हुई, लिए कई अहम फैसले

### कैबिनेट फैसले

- निर्वाचन विभाग के ढांचा पुनर्गठन को मंजूरी।
- पूर्व विधायकों की पेंशन बढ़ी। 40 हजार से बढ़ाकर 60 हजार की। भत्ता भी 2500 के बजाय 3000 प्रतिवर्ष किया गया।
- विधायकों का सत्र के दौरान मिलने वाला भत्ता प्रति किलोमीटर भी बढ़ाया गया। करीब चार रुपये प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई।
- विकास कार्यों में आने वाली अड़चनों को लेकर इस बार विधानसभा में एक घंटे की विशेष चर्चा होगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# पीएम मोदी ने दी शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि

■मार्सिले में भारतीय दूतावास का किया उद्घाटन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय फ्रांस–अमेरिका की यात्रा पर हैं। यात्रा के पहले चरण में उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ एआई एक्शन समिट की सह–अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कई द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। इसके बाद बुधवार को वे मार्सिले पहुंचे हैं। फ्रांस के बाद पीएम मोदी अमेरिका रवाना हो जाएंगे। जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनकी बैठक प्रस्तावित है। गौरतलब है कि ट्रंप के दूसरी बार सत्ता में लौटने के बाद पीएम मोदी का यह पहला अमेरिका दौरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने संयुक्त रूप से मार्सिले में भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने फ्रांस के मार्सिले में माजारग्वेज कब्रिस्तान में शहीद भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## न्यूज डायरी




### ट्रंप ने इस्पात–एल्युमीनियम पर लगाया 25 फीसदी टैरिफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम आयात पर बगैर किसी छूट के टैरिफ बढ़ाकर 25 प्रतिशत करने की घोषणा की। उन्हें यह उम्मीद है कि इससे अमेरिकी उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा से राहत मिलेगी। हालांकि उनके इस कदम से एक नया ट्रेड वार शुरू होने का खतरा बढ़ गया है। यूरोपीय संघ (ईयू) ने कहा दिया है कि इसका जवाब दिया जाएगा। इसके लिए कड़े कदम उठाएंगे। जबकि कनाडा ने टैरिफ को पूरी तरह अनुचित करार दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लगाने संबंधित आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इस आदेश में छूट और कोटा सौदों को समाप्त करने के प्रविधान भी हैं। ट्रंप के इस कदम से कनाडा, ब्राजील, मेक्सिको, दक्षिण कोरिया और अन्य देशों से आयात होने वाले लाखों टन स्टील और एल्युमीनियम पर टैरिफ लागू होंगे। पहले ये देश अमेरिकी शुल्क मुक्त श्रेणी में रहे। ट्रंप ने व्हाइट हाउस के ओवल आफिस में पत्रकारों से कहा, इस कदम से धातुओं पर टैरिफ को सरल बनाया जाएगा। इससे हर कोई समझ सकेगा कि इसका क्या मतलब है। यह बगैर किसी छूट के 25 प्रतिशत होगा। यह सभी देशों के लिए है। हालांकि उन्होंने बताया कि वह स्टील पर टैरिफ में छूट देने के लिए आस्ट्रेलिया के आग्रह पर विचार करेंगे, क्योंकि अमेरिका के साथ उसका व्यापार घाटा है।

### भारत को बहुत बड़ा झटका देने की तैयारी में बांग्लादेश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। बांग्लादेश, भारत को अब तक का सबसे बड़ा झटका देने की तैयारी कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, मोहम्मद यूनुस का प्रशासन तीस्ता प्रोजेक्ट में चीन को शामिल कर सकता है। जो भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे पैदा कर सकता है। टेलीग्राफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश, तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर प्रस्तावित बहुउद्देशीय परियोजना में चीन को शामिल कर सकता है। इसके लिए यूनुस प्रशासन ने सहमति बनाने के सार्वजनिक सुनवाई का रास्ता अपनाया है। यह नदी सिक्किम से निकलती है और हिमालयी राज्य और उत्तरी बंगाल के कुछ हिस्सों में लगभग 305 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद बांग्लादेश में प्रवेश करती है। भारत और बांग्लादेश में तीस्ता प्रोजेक्ट को लेकर लंबे समय से विवाद रहा है लेकिन शेख हसीना की सरकार ने चीन को इस प्रोजेक्ट से दूर रखा था। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तरी बांग्लादेश के एक जिले रंगपुर के प्रशासन ने कावनिया में तीस्ता नीये कोरोनियो (तीस्ता के साथ क्या किया जाए) पर एक सार्वजनिक सुनवाई की है। बांग्लादेशी मीडिया ने सुनवाई में सईदा रिजवाना हसन के हवाले से कहा है कि चीनी सरकार ने पहले नदी के संरक्षण और प्रबंधन के लिए एक मास्टर प्लान बनाया था।

### फिलिस्तीनियों को गाजा से निकालने के प्लान पर महासंग्राम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। मिस्र ने डोनाल्ड ट्रंप के गाजा से फिलिस्तीनियों को निकालने के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। मिस्र विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी करते हुए कहा है वो गाजा के पुनर्निर्माण के लिए एक व्यापक प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रहा है। इस दौरान मिस्र की कोशिश ये सुनिश्चित करने की होगी, कि फिलिस्तीनियों को गाजा से बाहर नहीं निकलना पड़े। मिस्र के इस फैसले के बाद सवाल उठ रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप क्या करेंगे। हालांकि मिस्र ने ये भी कहा है कि वो क्षेत्र में न्यायपूर्ण शांति बनाए रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ सहयोग करने के लिए तैयार है। लेकिन मिस्र ने साफ कर दिया है कि वो फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी से बाहर निकालने और उन्हें कहीं और बसाने के प्रस्ताव के साथ नहीं नहीं है।

# तालिबान सरगना अखुंदजादा और हक्कानी नेटवर्क में बवाल तेज

**रिपोर्ट**

## प्लेन से खींचकर उतारा गया कतर जा रहा डेलीगेशन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



काबुल। अफगानिस्तान में 14 मेंबर के डेलीगेशन को कतर जाने से रोक दिया गया। अफगानिस्तान फ्यूचर थॉट फोरम की बैठक में भाग लेने के लिए ये डेलीगेशन दोहा जा रहा था। आखिरी वक्त में इनको जहाज से उतार दिया गया। इस 14 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में दो महिलाएं भी शामिल थीं। बताया गया है कि महिलाओं की मौजूदगी और अफगान तालिबान में दोफाड़ होना इसकी वजह बना है। इस घटना ने हक्कानी नेटवर्क और तालिबान सरकार के हेड हिबतुल्लाह अखुंदजादा धड़े के बीच लड़ाई को खुलकर सामने ला दिया है। इससे साफ है तालिबान के बीच आपसी लड़ाई तेज होती जा रही है।

अफगानिस्तान फ्यूचर थॉट फोरम की बैठक में जा रहे लोगों को रोकने की घटना काबुल एयरपोर्ट पर हुई है। डेलीगेशन के कुछ सदस्य तो विमान में सवार भी हो चुके थे। इनको फ्लाईदुबई के विमान से खींचकर उतारा गया। कुछ लोगों को एयर अरेबिया की फ्लाइट लेनी थी, जिनको विमान में चढ़ने से ठीक पहले रोका गया। अफगानिस्तान से सिर्फ जफर महदवी ही दोहा पहुंचे है।

इस डेलीगेशन रोके जाने के पीछे दो अहम वजह मानी जा रही हैं। इसमें पहला कारण डेलीगेशन में महिलाओं की उपस्थिति और दूसरा कारण हक्कानी नेटवर्क और हिबतुल्लाह अखुंदजादा गुट के बीच बढ़ता हुआ शक्ति संघर्ष है। काबुल एयरनेशनल एयरपोर्ट का नियंत्रण हाल ही में अखुंदजादा से जुड़े तालिबान बलों ने संभाला है। इन्हीं लोगों ने इस प्रतिनिधिमंडल को जाने से रोका है। इससे दोनों पक्षों में आने वाले समय में संघर्ष बढ़ने की संभावना है। इस घटना से अफगानिस्तान के भविष्य को लेकर चिंता बढ़ गई है।

काबुल में जिन लोगों को यात्रा करने से रोका गया है। उनमें फैज मोहम्मद जालंद, अजीज अहमद हनीफ, नजर मोहम्मद मोतमईन, इंजीला अहमदी और मदीना महबूबी शामिल हैं। प्रतिनिधिमंडल के एक सदस्य जफर महदवी दोहा पहुंचे हैं। यह फोरम 30 सदस्यों का एक समूह है। इसमें पूर्व सरकारी अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद शामिल हैं। यह फोरम अफगानिस्तान की चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा करता है। यह अफगानिस्तान मुद्दे पर तालिबान और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सिफारिशें करता है।

इस फोरम की दुनियाभर में कई बैठकें हो चुकी हैं। तालिबान ने मौजूदा अफगानिस्तान फ्यूचर थॉट फोरम पर आधिकारिक रूप से कोई रुख नहीं अपनाया है।

## तुर्की में नेता की मौत की भविष्यवाणी करने वाली महिला ज्योतिषी गिरफ्तार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** अंकारा। तुर्की में राष्ट्रपति एर्दोगन की सरकार के गिरने की भविष्यवाणी करने वाली महिला ज्योतिषी को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिलाल सराक नाम की महिला ज्योतिषी ने तुर्की के एक वरिष्ठ नेता की मौत की भी भविष्यवाणी की थी। देवलेट बहसेली, राष्ट्रपति एर्दोगन की नेशनलिस्ट मूवमेंट पार्टी के ही नेता हैं, उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। इस्तांबुल के चीफ पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के आफिस ने महिला ज्योतिषी हिलाल सराक को गिरफ्तार करने के आदेश जारी किए थे। प्रॉसीक्यूटर ऑफिस का कहना है कि उन्होंने अपनी भविष्यवाणी से तुर्की के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन और देवलेट बहसेली का अपमान किया है। ज्योतिषी हिलाल सराक के ट्विटर पर डेढ़ लाख से ज्यादा फॉलोवर्स हैं। उन्होंने अपने ट्विटर अकाउंट से एक पोस्ट में कहा था कि मुझे लगता है कि देवलेट बहसेली को अपने फेफड़ों की जांच करानी चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि वैसे भी चुनाव जल्दी होंगे। उन्होंने अपने पोस्ट में एक बार फिर से दोहराया कि तुर्की के एक प्रमुख राजनेता की मृत्यु होने वाली है।



## अंतरिक्ष से आई खुशखबरी! नासा ने दिया बड़ा अपडेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अमेरिका। अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स की वापसी को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। नासा और स्पेसएक्स एजेंसी के स्पेसएक्स क्रू–9 अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को जल्द से जल्द सुरक्षित रूप से वापस लाने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। नासा ने जानकारी दी है कि दोनों अंतरिक्ष यात्रियों को निर्धारित समय से थोड़ा पहले ही पृथ्वी पर वापस लाा जा सकता है। दोनों अंतरिक्ष यात्री पिछले साल जून से अंतरिक्ष में फंसे हैं। नासा ने कहा का स्पेसएक्स आगामी अंतरिक्ष यात्री उड़ाने के लिए कैप्सूल बदलेगा, ताकि बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स को मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत के बजाय मार्च के बीच महीने में ही वापस लाया जा सके।

# बंधकों को छोड़ो नहीं तो गाजा में समाप्त हो जाएगा युद्धविराम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

यरुशलम। इजरायल और हमास में एक बार फिर संघर्ष शुरू हो सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद अब पीएम नेतन्याहू ने धमकी दी कि अगर इस सप्ताह के अंत में किसी भी बंधक को रिहा नहीं किया गया तो गाजा में भीषण लड़ाई फिर से शुरू की जाएगी। हमास के बंधकों को नहीं छोड़ने की वजह से संघर्ष विराम समझौते को तनावपूर्ण बना दिया है।

इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अगर हमास ने शनिवार दोपहर तक हमारे बंधकों को वापस नहीं किया, तो युद्धविराम समाप्त हो जाएगा, और आईडीएफ

▪हमास बोला, बंधकों की रिहाई तभी होगी जब सभी युद्धविराम का सम्मान करेंगे

तब तक गहन लड़ाई जारी रखेगी जब तक कि हमास निर्णायक रूप से हार नहीं जाता। लेकिन हाल के दिनों में संघर्ष विराम समझौते पर तनाव बढ़ गया है, जिससे इसे बचाने के लिए कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा में बंधक बनाकर रखे गए लोगों को लेकर हमास को अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने हमास को चेतावनी दी है कि अगर गाजा में शेष बंधकों की रिहाई शनिवार दोपहर तक नहीं हुई तो तबाही आ जाएगी। जबकि हमास ने ट्रंप की इस चेतावनी को नकारते हुए कहा कि शेष बंधकों की रिहाई तभी होगी जब सभी पक्ष युद्धविराम का सम्मान करेंगे। इससे पहले हमास ने इजरायल पर युद्धविराम समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया और कहा कि अगले बंधकों की रिहाई में देरी होगी।

बता दें कि 19 जनवरी को इजरायल और हमास के बीच युद्धविराम और बंधकों की रिहाई को लेकर समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत हमास थोड़े–थोड़े कर बंधकों की रिहाई कर रहा है और इनके बदले में इजरायल फलस्तीनी कैदियों को छोड़ रहा है।

### बच्चों पर बैन, वीजा में सख्ती, नया पेमेंट सिस्टम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रियाद। सऊदी अरब की सरकार ने इस साल, 2025 की हज यात्रा से पहले नियमों को सख्त कर दिया है। सऊदी ने वीजा समेत कई नए नियम लागू किए हैं, जिससे हज की चाहत रखने वाले दुनियाभर के मुस्लिमों को मुश्किल पैदा हो सकती है। सऊदी ने हज में बच्चों को साथ लाने पर रोक लगाई है, पेमेंट का तरीका बदला है और 14 देशों के यात्रियों के लिए सिंगल–एंट्री वीजा लागू किया है। हज यात्रा की पुरानी परंपराएं खत्म हो गई हैं, जिससे कई लोग हज पर जाने के अपने सपने को पूरा नहीं कर पाएंगे। इससे ये सवाल भी उठा है कि सऊदी सरकार हज यात्रा को क्यों मुश्किल बना रही है। सऊदी अधिकारियों ने भीड़ और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए कहा है कि बच्चों को हज में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# खेल के साथ पर्यावरण का संरक्षण भी हमारे लिए जरूरीः मुख्यमंत्री

**शुभारंभ** खेल वन में पौधारोपण का शुभारंभ सीएम ने विजेता खिलाड़ियों के साथ किया

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल को ग्रीन गेम्स की थीम पर आयोजित किया गया। ग्रीन गेम्स की कल्पना को पूरा करने के लिए महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर देहरादून से लगे क्षेत्र को खेल वन के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस वन में 38वें राष्ट्रीय खेलों में 1600 मेडल विजेता खिलाड़ियों के नाम पर एक – एक पेड़ लगाया जाएगा। विकसित किए जा रहे खेल वन में पौधारोपण का शुभारंभ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को विजेता खिलाड़ियों के साथ किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन ग्रीन गेम्स की थीम पर किया गया है। उन्होंने कहा 1600 मेडल विजेता खिलाड़ियों के नाम पर 2.77 हेक्टेयर वन भूमि को खेल वन के रूप में विकसित की जायेगी। 38वें राष्ट्रीय खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के नाम पर यहां पर पौधारोपण किया जाएगा। उत्तराखंड की यादें और खिलाड़ियों का परिश्रम इन पेड़ों के माध्यम से उन्हें हमेशा याद रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा खेल के साथ पर्यावरण का संरक्षण भी हमारे लिए जरूरी है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलो में पर्यावरण संरक्षण का विशेष ध्यान रखा गया है। खेल आयोजनों में ज्यादा से ज्यादा इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग किया जा रहा है। रीसाइकिल बोतलों में ही पानी की व्यवस्था की गई है। स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर में 2 मेगावाट का सोलर प्लांट भी स्थापित किया गया है। रीसाइकिल वेस्ट के प्रयोग से सजावट की चीजें बनाई गई है। साथ ही खेल परिसर में साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखा गया है।

इस अवसर पर भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ पी टी उषा, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडे, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### नेताजी संघर्ष समिति ने रविदास जी की जयंती पर उन्हें याद किया

**संवाददाता** देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को संत रविदास जी की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। इस मौके पर समिति की उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और महासचिव आरिफ वारसी ने कहा कि हमें रविदास जी के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में फैली हुई कुरीतियों और कु प्रथाओं को समाप्त करना चाहिए तभी समाज में जागृति आएगी लोग एक दूसरे का सम्मान करेंगे। संत रविदास जी को याद करने वालों में उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल,महासचिव ,आरिफ वारसी, प्रदीप कुकरेती ,जय बिष्ट ,पारस यादव, सुशील विरमानी, संदीप गुप्ता, दानिश नूर, आदि उपस्थित रहे।

### लूट के इरादे से की थी डॉक्टर की हत्या, मुठभेड़ में तीन गिरफ्तार

**संवाददाता** हरिद्वार। जिला अस्पताल में संविदा पर तैनात डॉक्टर गोपाल गुप्ता की हत्या के मामले में पुलिस ने मंगलवार देरात मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें दो सगे भाई हैं जबकि तीसरा उनका दोस्त है। दो आरोपियों के पैर में गोली लगने से उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों ने बताया कि लूट के इरादे से उन्होंने डॉक्टर की हत्या की थी। पुलिस ने उनके पास से बुलेट, डॉक्टर की घड़ी, दो तमंचे 315 बोर, दो कारतूस, दो खोखा राउंड कारतूस आदि बरामद किए हैं। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि बीते 31 जनवरी को बहादराबाद क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी में एक खेत में एक शव बरामद हुआ था। उसकी शिनाख्त लक्सर निवासी डॉ. गोपाल गुप्ता के रूप में हुई थी।

### इंडियावुड के लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**संवाददाता** हल्द्वानी। उद्योग में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6–9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। नूर्नबर्गमेस के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है।

## जनमानस को सुव्यवस्था उपलब्ध करना, प्राथमिकताओं में सर्वोच्च: डीएम

**संवाददाता** देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल देहरादून शहर में जनमानस को सुगम सुविधा मुहैया कराने, आवागमन करने वाले लोगों एवं महिलाओ को किसी भी प्रकार की तकलीफ ना हो, जिसको लेकर उन्होंने विगत दिनों वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ शहर में मोटरसाइकिल से भ्रमण निरीक्षण कर, समुचित व्यवस्थाओं का जायजा लिया, भ्रमण निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं एवं जनमानस के लिए बाजार एवं मुख्य स्थान में पिंक एवं सामान्य टायलेट की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्थल का चयन करते हुए कार्यों को मूर्त रूप दे रहें। डीएम के बाजारों में पिंक एवं सामान्य टायलेट बनाने के प्रस्ताव को शासन स्वीकृत कर लिया है। जिसमे साथ ही युद्धस्तर पर कार्य करवाते हुए शासन से देहरादून शहर में पल्टन बाजार एवं अन्य स्थलों पर महिलाओं हेतु पिंक टॉयलेट एवं सामान्य टॉयलेट के निर्माण कार्य हेतु 160.90 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त की गई।

शहर में इन स्थनों पर बनाए जा रहे हैं पिंक एवं सामान्य टॉयलेट – रमेश बुक डिपो (पिंग टॉयलेट), डिस्पेंसरी रोड पार्किंग, राजा रोड–2 (मूत्रालय), गेयलॉर्ड शूज के समीप (मूत्रालय), राजीव गांधी कॉम्पलेक्स के समीप (पिंक टॉयलेट), तहसील चौक पार्किंग (पुरुष एवं महिला शौचालय) एवं बल्लुपुर चौक फ्लाईओवर के नीचे (पुरुष एवं महिला शौचालय)।



### व्यापारियों ने पालिकाध्यक्ष से समस्याओं के निस्तारण की मांग

**संवाददाता** उत्तरकाशी। व्यापार मंडल बड़कोट के अध्यक्ष धनवीर सिंह रावत के नेतृत्व में व्यापारियों ने बुधवार को नगर पालिका अध्यक्ष विनोद डोभाल से मुलाकात की। मौके पर क्षेत्र और व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने समस्याओं के त्वरित समाधान का आश्वस्त किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष धनवीर सिंह रावत ने बताया कि बड़कोट नगर चारधाम यात्रा का प्रमुख पड़ाव है, यहां देश विदेश से लोग पहुंचते हैं। उन्होंने मांग की है कि नगर श्रेत्र में लगे सभी सीसीटीवी कैमरों को तुरन्त ठीक किया जाय, जहां नहीं है उन स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं, नगर के मुख्य बाजार की पार्किंग स्थल को आम जन के लिए किया जाय, जिससे राहगिरो को सुविधा मिल सके और जाम की स्थिति को कम किया जा सके।

## 13 फरवरी को नाबार्ड द्वारा स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन

**संवाददाता**

देहरादून। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा प्रत्येक वर्ष स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन किया जाता है। इस सेमिनार में नाबार्ड द्वारा तैयार स्टेट फोकस पेपर 2025–26 पर चर्चा होती है। स्टेट फोकस पेपर राज्य के प्रत्येक जिले के लिए तैयार की गई संभावित ऋण योजना को समावेश कर बनाया जाता है और आगामी वर्ष के लिए राज्य में ऋण संभाव्यता का आंकलन किया जाता है। स्टेट फोकस पेपर में मौजूदा संसाधन उपलब्ध बुनियादी सुविधाएं और आगामी बुनियादी सुविधाओं हेतु योजनाएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अर्थव्यवस्था के वृहद स्तर के संकेतक

**मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी होंगीं समारोह की मुख्य अतिथि**

राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न गतिमान योजनाओं, पहले से चल रही विकासात्मक गतिविधियाँ और मौजूदा नीतिगत ढाँचे को शामिल किया जाता है।

स्टेट क्रेडिट सेमिनार में आगामी वर्ष में बैंकों द्वारा ऋण प्रवाह के लिए एक विशिष्ट कार्य योजना तैयार करने के लिए स्टेट फोकस पेपर पर चर्चा की जाती है और उससे उभरने वाले कार्य बिन्दुओं को राज्य सरकार के समक्ष रखा जाता है ताकि सहयोग और आवश्यक आधारभूत सुविधाओं के सृजन के लिए बजट में पर्याप्त वित्तीय सहायतार्थ बजट का प्रावधान सुनिश्चित किया जा सके और आधार स्तर पर ऋण प्रवाह को सुनिश्चित किया जा सके।

वर्ष 2025–26 के लिए स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन 13 फरवरी 2025 को किया जा रहा है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी समारोह की मुख्य अतिथि होंगी। सेमिनार में अपर मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन विशिष्ट अतिथि होगें। उक्त के अलावा राज्य की अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की विकास नीतियों के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सरकारी विभागों, हितधारकों, बैंकरों, कृषि विश्वविद्यालयों, एनजीओ, आदि को सेमिनार मे आमंत्रित किया जा रहा है।

### ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने हरिद्वार में खोली आधुनिक युनिट

**संवाददाता** हरिद्वार। भारत की अग्रणी ऊर्जा समाधान कंपनी ल्यूमिनस पावर टेक्नोलॉजीज ने उत्तरी भारत में लैड एसिड बैटरियों की प्रोडक्शन युनिट की स्थापना के साथ अपनी मैनुफैक्चरिंग क्षमता का विस्तार किया है। 8 एकड़ में फैली यह युनिट उत्तराखण्ड में हरिद्वार के सिडकुल इंडस्ट्रियल एस्टेट में स्थित है। यह प्लांट कंपनी की क्षमता बढ़ाकर डोमेस्टिक एवं एक्सपोर्ट मार्केट में पावर स्टोरेज समाधानों की बढ़ती मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विश्वस्तरीय मानकों का अनुपालन करने वाली यह फैक्टरी 2036 सोलर पैनलों के साथ सस्टेनेबल प्रोडक्शन को बढ़ावा देती है। 1 मेगावॉट सोलर पावर का उत्पादन इसे उत्तराखण्ड का दूसरा सबसे बड़ा इंडस्ट्रियल सोलर रूफटॉप इंस्टॉलेशन बनाता है।

# वापसी का तरीका

**अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तरीके का है।**

रहीस सिंह।।

गैरकानूनी तौर पर अमेरिका में रह रहे करीब 200 भारतीयों को ला रहे अमेरिकी सैनिक विमान का अमृतसर एयरपोर्ट पर उतरना भारत के लिए कई लिहाज से असुविधाजनक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग करती हैं।

इस बार न केवल अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा था, बल्कि राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद भी डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित करते रहे हैं। इस वजह से यह घटना अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि को प्रभावित कर सकती है। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और टैलंट के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। इस बात को यूं समझा जा सकता है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी 1,45000 डॉलर आंकी गई थी, जबकि एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी 65,540 डॉलर।



अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तरीके का है। इस बार ट्रंप सरकार ने जिस तरह से सैनिक विमान का उपयोग इस काम में किया है, उस पर कई देशों ने आपत्ति जताई है। हालांकि भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज किया और एक तरह से यह ठीक भी है।

भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा–पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका–कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं।

ऐसे में भारत सरकार को दो मोर्चों पर अपने प्रयास तेज करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ–साथ नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। तभी यह संदेश जाएगा कि उतना पैसा गंवाकर और जान का जोखिम उठाकर विदेश जाने का कोई मतलब नहीं।

## साधना

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** नर्मदा के तट पर मकर संक्रांति के पुण्य पर्व पर जगह–जगह मेले लगते हैं। नर्मदांचल में बसने वाले समाज की संस्कृति का दिग्दर्शन इन मेलों से होता है। इनमें जनजातीय संस्कृति, आंचलिक संस्कृति और नागर संस्कृति का परिचय मिलता है। विविधता का ऐसा सहअस्तित्व, समन्वय, सामंजस्य और समरसता भारतीय समाज और संस्कृति की गौरवशाली विरासत है,परंपरा है। नर्मदा के तट पर, विशेष रूप से जहाँ नर्मदा का प्रवाह अरण्य से गुजरता है, अतीत में वहाँ अनेक ऋषियों और मुनियों ने तपस्या की है। साधना की है। गुरुकुल बनाए हैं। समाज को अच्छा मनुष्य बनाने के संस्कारों की धारा प्रवाहित की है। नर्मदा को दक्षिण गंगा भी कहा गया है। नर्मदा को समाज ने माँ माना है।

# संपादकीय

## भ्रष्टाचार का मॉडल

जनता अच्छी तरह से समझ गई थी कि अरविंद केजरीवाल ने जो वादे किए थे, वे पूरे किए ही नहीं। भ्रष्टाचार खत्म करने का वादा कर सत्ता पर काबिज हुई आम आदमी पार्टी और इसके मुखिया ने भ्रष्टाचार के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। उन्होंने राजधानी दिल्ली को विकास का नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का मॉडल बना दिया। दूसरे नेताओं की जीवनशैली पर उंगली उठाने वाले तथा राजनीति में सादगीपूर्ण जीवन जीने की बातें करने वाले आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल तथा उनकी पार्टी के अधिकांश नेता सत्ता में आते ही भ्रष्टाचार के दलदल में डूब गए। नैतिकता की बातें हवा हवाई हो गईं। दो–तीन कमरों के घर में रहकर जनसेवा करने की बात करने वाले नेता ने शान–ओ–शौकत का शीशमहल खड़ा कर लिया। एक ओर जहां दिल्ली की जनता तमाम परेशानियों से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी की सरकार के मंत्री व नेतागण अपनी सुख–सुविधा में मस्त थे। इन हालात में जनता ने आम आदमी पार्टी की वादाखिलाफी के बदले भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार के संकल्प को अंगीकार कर मोदी जी की गारंटी पर भरोसा जाहिर किया।

स्मरणीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था- मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।

# मोदी की गारंटी पर भरोसा

सुरेश पचौरी।।

दिल्ली विधान सभा के चुनाव में वहां की जागरूक जनता ने भारतीय जनता पार्टी को सत्ता में बिठाकर दुनिया को यह संदेश दे दिया कि हमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और मोदी जी के नेतृत्व में ही देश प्रगति के नए सोपान नाप सकता है। लगभग 27 वर्षों के बाद दिल्ली में भाजपा सरकार की वापसी हुई है। जीत का यह परचम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुस्पष्ट विजन के कारण लहराया है। मोदी के विजन पर मुहर लगाकर दिल्लीवासियों ने डबल इंजन की सरकार पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है। स्मरणीय है कि भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली में चुनाव अभियान के दौरान नारा दिया था–मोदी जी का विजन है दिल्ली के लिए उम्मीद की एक किरण।

दिल्ली की जनता ने इस नारे को आत्मसात करते हुए आम आदमी पार्टी की सरकार के कुशासन पर करारा प्रहार कर राष्ट्र–विकास के संकल्प को जिता दिया। यह जीत देश की राजधानी दिल्ली के बिगड़े सूरत–ए–हाल में निखार के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी और बीजेपी के प्रति भरोसे की जीत है। इस शानदार जीत



में यह संदेश भी छिपा है कि सिर्फ झूठ, फरेब और आलोचना के सहारे देश के जनमानस को ज्यादा समय तक दिग्भ्रमित नहीं किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते हुए कहा था कि ष्साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। आज भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की यह भूमिका और सशक्त होगी। इस संकल्प के साथ उन्होंने मतदाताओं से दिल्ली में भाजपा को सेवा करने का अवसर देने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा था "आपने दिल्ली में पिछले कई सालों से भारतीय जनता पार्टी को काम करने का मौका नहीं दिया। आपने 25 साल तक कांग्रेस और आप को देखा है, अब कमल को मौका दीजिए। जैसे परिवार का मुखिया अपने प्रियजनों का ख्याल रखता है, वैसे ही मैं आपका ख्याल रखूंगा। बीजेपी का ट्रैक रिकॉर्ड दिखाता है कि हम जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं।"

आज देश में मोदी की गारंटी विश्वास का पर्याय बन चुकी है। सर्वविदित है कि 'मोदी की गारंटी' का मतलब है, जनता से किए गए प्रत्येक वादे का पूरा होना। देश के तमाम राज्यों के लोगों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा कर भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का अवसर दिया और वहां की सरकारें जनहित में बेहतर काम कर रही हैं। उस कड़ी में अब दिल्ली राज्य भी शामिल हो गया और जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को अमली जामा पहना दिया। हम अतीत की बात करें तो मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, गुजरात, उत्तराखंड, गोवा, महाराष्ट्र और ओडिशा में जनता ने मोदी जी की परिकल्पना पर केन्द्रित बीजेपी की डबल इंजन की सरकार पर यकीन करते हुए बंपर जीत दिलवाई।

### सूडोकु नवताल- 5351

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

सूडोकु नवताल -5350 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## अपना ब्लॉग

### राजनैतिक दल

**मोहन।** भाजपा ही वह राजनैतिक दल है, जिसने सामान्य कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे पदों पर बिना भेदभाव के पहुंचाया है। इस दल में परिवारवाद नहीं बल्कि योग्यता का सम्मान है। यहां काम पर भरोसा है और इस भरोसे के प्रतिबिंब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प और मोदी जी की गारंटी का मान रखा। भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी वादे में कहा था कि दिल्ली में गरीबों के लिए घर बनाने, शहर का आधुनिकीकरण करने, हर घर में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने, पर्याप्त बिजली मुहैया कराने और टैंकर माफियाओं से मुक्त करने वाली सरकार चाहिए। हमारा मानना है कि जनता का यह फैसला देश की राजधानी की सूरत और सीरत में गुणात्मक परिवर्तन करने वाला साबित होगा। निःसंदेह, दिल्ली की जनता के लिए यह परिवर्तन विकास के नए सूर्योदय सरीखा है।






## मुकेश खन्ना ने रणवीर अल्लाहबादिया को सुनाई अपने तरीके की सजा

समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट शो में अपने कमेंट के बाद रणवीर अल्लाहबादिया मुसीबत में फंस गए हैं। बीयर बाइसेप्स के नाम से मशहूर यूट्यूबर ने एक कंटेस्टेंट से एक अजीब सवाल पूछा। रणवीर ने उनसे पूछा, क्या आप अपने माता–पिता को जीवन भर संबंध बनाते हुए देखना पसंद करेंगे या आप इसमें एक बार शामिल होंगे? कई लोगों ने अल्लाहबादिया की आलोचना की है और अब एक्टर मुकेश खन्ना ने भी अपना तीखा रिएक्शन दिया है। मुकेश खन्ना ने कहा कि, यही लोग देख रहे हैं इसी कारण यूट्यूबर्स पैसा कमा रहे हैं। ऐसे में ये सच नहीं है कि रणवीर ने जो कहा वो सबको पसंद नहीं आया। कुछ लोगों ने इसे पसंद किया। ये यूट्यूबर गलत निर्देश की ओर जा रहे हैं और उनका मानना है कि अधिक व्यूज का मतलब अधिक लोकप्रियता और पैसा है। इसलिए, वे आगे बढ़ रहे हैं। गलत कंटेंट की ओर, इन लोगों में भाषा का ज्ञान नहीं है और जानते हैं कि नकारात्मक चीजें अधिक बिकती हैं। इसके अलावा, मुकेश खन्ना ने अपने पोस्ट में रणवीर की आलोचना की और दावा किया कि ऐसे लोगों की पिटाई की जानी चाहिए।

## अल्लू अर्जुन के पप्पा ने पहले उड़ाया गेम चेंजर का मजाक

अल्लू अर्जुन और राम चरण रिश्तेदार हैं। राम अपने पुष्पा राज अल्लू अर्जुन के फुफेरे भाई हैं। लेकिन बीते कुछ समय से कोनिडेला और अल्लू परिवार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है! दोनों परिवार में तनाव की अटकलें पिछले साल तब शुरू हुईं, जब आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में अल्लू अर्जुन ने अपने रिश्तेदार और राम चरण के चाचा पवन कल्याण की जन सेना पार्टी के खिलाफ जाकर उनके विरोधी वाईएसआरपी के उम्मीदवार शिल्पा रविचंद्र किशोर रेड्डी को सपोर्ट किया। अब एक बार फिर यह रार नजर आई है, जब अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविंद ने राम चरण की पिछली रिलीज गेम चेंजर का मजाक बनाया। हालांकि, मामला बढ़ते देख मामा ने सफाई देते हुए अपने भांजे की पीठ भी थपथपा दी है। अल्लू अरविंद ने कहा, दिल राजू ने हाल ही में इतिहास रच दिया है। उनकी एक फिल्म ऐसी थी जबकि दूसरी ऐसी थी ।

## भारती सिंह बनीं आलिया भट्ट, गंगूबाई बनकर पपराजी को लगाई डांट



टीवी की दुनिया में चुनिंदा कलाकारों में से एक हैं भारती सिंह। किसी शो में भारती सिंह की मौजूदगी ही अपने आपमें उसके हिट होनी की गारंटी बन जाती है। इस वक्त भारती सिंह कुकिंग रियलिटी शो श्लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 को लेकर चर्चा में हैं। इस वक्त शो के सभी कंटेस्टेंट्स के बीच भारती सिंह की एंट्री धांसू रही। आलिया भट्ट के गंगूबाई का किरदार की कॉपी करते हुए भारती सिंह ने पपराजी को धमका भी दिया। लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 इस वक्त टेलिविजन पर दर्शकों के फेवरेट शोज में से एक बन चुका है। इस शो के कंटेस्टेंटेस कुकिंग कम, कॉमेडी ज्यादा कर रहे हैं और शो में कॉमेडी के इसी तड़के ने लोगों का दिल जीत लिया है। लेटेस्ट शो में लाफ्टर शेफ्स सीजन 2 के सभी कंटेस्टेंट्स बॉलीवुड के पॉप्युलर कैरेक्टर्स के तौर पर हाजिर हुए। इस दौरान सुदेश लहरी से लेकर कृष्णा अभिषेक, कश्मीरा शाह, रुबीना दिलैक, समर्थ जुरैल, अभिषेक कुमार और मन्नारा चोपड़ा अलग–अलग और मजेदार गेटअप में नजर आए। इन सब पर भारती सिंह का गेटअप भारी पड़ गया है। लोगों ने भारती सिंह को देखकर कहा– इनसे बेहतर किसी का गेटअप नहीं। एक ने कहा– भारती सिंह मतलब फुल कॉमेडी। भारती सिंह पपराजी के कैमरों के सामने आलिया भट्ट के फेमस कैरेक्टर गंगूबाई के रोल में दिखीं।

# सनसनीखेज केस को सुलझाते रिपोर्टर साकिब सलीम छा गए

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*देश और दुनिया भर में क्राइम और इससे जुड़ी खबरों को कवर करने वाले न्यूज टीम की अलग चुनौतियां हैं। कई बार क्राइम रिपोर्टर्स कवर करने वाले पत्रकारों को जान की बाजी तक लगानी पड़ जाती है। क्राइम बीट एक ऐसी ही सीरीज है जिसका ट्रेलर लोगों को खूब पसंद आ रहा, जिसमें क्राइम की तह तक जाना पत्रकार के लिए जिंदगी और मौत के बीच कहानी बनती दिख रही।*

**सबा आजाद पड़ीं फीकी**

क्राइम बीट का ट्रेलर आउट हो चुका है जिसमें साकिब सलीम एक नए क्राइम जर्नलिस्ट की भूमिका में हैं। संजीव कौल और सुधीर मिश्रा ने मिलकर इसकी कहानी लिखी है और डायरेक्शन किया है। इस सीरीज में साकिब सलीम के अलावा सबा आजाद, राहुल भट्ट, साईं ताम्हणकर, दानिश हुसैन और राजेश तैलंग जैसे कई कलाकार शामिल हैं।

**साकिब सलीम क्राइम रिपोर्टर की भूमिका में जबरदस्त**

इस सीरीज में मुख्य किरदार में साकिब सलीम (अभिषेक सिन्हा) का है जो एक बड़े मीडिया संस्थान में रिपोर्टर की भूमिका निभाते दिख रहे हैं। वो पुलिस के अब्यूसिव एक्शन के खिलाफ आवाज उठाता है पत्रकारिता की ताकत को सामने लाना चाहता है। हालांकि, अभिषेक के ऑफिस का वही हाल है जैसा कॉरपोरेट ऑफिसेज का अक्सर होता है। इस ऑफिस में सबा आजाद के साथ–साथ, हर किसी में प्रमोशन पाने की होड़ है।



**सनसनीखेज केस का सच**

अभिषेक भी इसी तलाश में है और उसे एक ऐसे सनसनीखेज केस का पता लगता है जिसकी तह तक पहुंचना उसके लिए खतरनाक साबित होता है। हालांकि वो भी इस केस की सच्चाई को सामने लाकर अपने बॉस से प्रमोशन की उम्मीद करता है। लेकिन कहानी में ट्विस्ट तब आता है जब अभिषेक को दिल्ली में रहने वाले दिनेश चौधरी से जुड़े हुए एक केस का पता लगता और वो एक ऐसे सफर पर आगे बढ़ता है जहां वो खुद को उन क्रिमिनल्स से घिरा पाता है। अब ये केस वो सुलझा पाता है या नहीं या फिर वो इन अपराधियों के सामने घुटने टेक देता है, ये सीरीज इन्हीं गुत्थियों को सुलझाने वाली है।

**21 फरवरी 2025 को रिलीज हो रही है क्राइम बीट**

बता दें कि जी5 की इस सीरीज 21 फरवरी 2025 को रिलीज हो रही है, जिसकी सीधी टक्कर डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर आनेवाली वेब सीरीज स्टार वॉर्स द बैड बैच से होगी। ये सीरीज श्क्राइम बीटश इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि इसमें लीड रोल में ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड सबा आजाद भी हैं। हालांकि, ट्रेलर देखकर सबा आजाद से अधिक साकिब सलीम की लोग तारीफें कर रहे हैं।

# ईशा कोप्पिकर ने महाकुंभ में अपनी बेटी के साथ डुबकी लगाई



*बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर भी बाकी सेलेब्स की तरह ही आस्था के पर्व में शामिल हो गई हैं। उन्होंने प्रयागराज जाकर संगम में डुबकी लगाई है। ईशा अपने परिवार और बेटी के साथ संगम पहुंची हैं।*

बॉलीवुड एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर अपने माता–पिता और बेटी रियाना के साथ महाकुंभ में डुबकी लगाने पहुंची हैं। ईशा ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वो संगम में डुबकी लगाती दिख रही हैं। रील में एक्ट्रेस अपनी बेटी के साथ पानी में डुबकी लगाती नजर आ रही हैं। एक फ्रेम में उनके माता–पिता भी नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में ईशा को प्रार्थना करते हुए देखा जा सकता है। उन्होंने लिखा, तीन पीढ़ियां, एक पवित्र पल। कुंभ के दिव्य जल में डुबकी लगाना, आस्था, परंपरा और आशीर्वाद को एक साथ अपनाना। ईशा कोप्पिकर ने सिनेमा में अपना सफर 1997 की तेलुगू फिल्म डब्ल्यूओ वी. वर प्रसाद से शुरू किया, जिसमें वह एक्टर विनीत के साथ एक गाने में नजर आईं। तमिल में उनकी पहली फिल्म प्रशांत के साथ कधल कविधाई थी। 1999 में, ईशा कोप्पिकर ने विजय के साथ नेन्जिनाइल में काम किया। साल 2000 में, उन्होंने खालिद मोहम्मद की फिल्म श्फिजाश में करिश्मा कपूर और ऋतिक रोशन के साथ एक छोटा सा रोल किया और बॉलीवुड में शुरुआत की।

**ईशा कोप्पिकर की फिल्में**

साल 2001 में उन्होंने अर्जुन रामपाल और सुनील शेट्टी की फिल्म प्यार इश्क और मोहब्बत से बॉलीवुड में अपनी पूरी शुरुआत की। उनकी अगली रिलीज गोविंदा के साथ के राघवेंद्र राव की कॉमेडी आमदनी अट्ठानी खर्चा रुपैया थी। उन्हें आखिरी बार सिल्वर स्क्रीन पर फिल्म लव यू लोकतंत्र में देखा गया था। फिल्म में कृष्णा अभिषेक, अली असगर, सपना चौधरी, मनोज जोशी, रवि किशन, ईशा कोप्पिकर, अमीत कुमार, रोहित सिंह मटरू, सुधीर पांडे और स्नेहा उल्लाल हैं।

**कई सेलेब्स जा चुके हैं महाकुंभ**

ईशा ने 2009 में बिजनेसमैन टिम्मी नारंग से शादी की थी। हालांकि, नवंबर 2023 में उनका तलाक हो गया। वहीं, महाकुंभ की बात करें तो टीवी क्वीन एकता कपूर भी पवित्र स्नान के लिए प्रयागराज गईं। उन्होंने वहां की कुछ झलकियां भी शेयर की थीं।

# खांसी का असरदार सिर्फ है अडूसा रस, जकड़न कफ का देसी इलाज



**अडूसा का काढ़ा**
अगर आप जूस नहीं पीना चाहते, तो अडूसा का काढ़ा बना सकते हैं। इसे बनाने के लिए एक बर्तन में 4 कप पानी लें। इसमें 5 तुलसी के पत्ते और 2 अडूसा के पत्ते डालें। आधा चम्मच गुड़ डालकर अच्छी तरह उबाल लें। जब पानी आधा रह जाए, तो इसे छानकर गुनगुना पिएं।

*हल्की खांसी तो सहन हो जाती है, लेकिन जब यह बढ़ जाती है, तो बहुत परेशानी हो सकती है। खासकर सूखी खांसी सबसे ज्यादा परेशान करती है। खांसी के लिए बार-बार दवाओं का सेवन ठीक नहीं है। ऐसे में आप खांसी के लिए घरेलू उपचार आजमा सकते हैं।*

**बार-बार दवा लेना सही नहीं**
खांसी होने पर ज्यादातर लोग कफ सिरप या दवाइयों का सहारा लेते हैं, लेकिन बार–बार इनका इस्तेमाल करने से शरीर पर बुरा असर पड़ सकता है। ऐसे में खांसी और अस्थमा के लक्षणों को कम करने के लिए प्राकृतिक इलाज बेहतर विकल्प हो सकता है। आयुर्वेद में ऐसे कई जड़ी–बूटियां हैं जो खांसी से राहत दिलाने में कारगर होती हैं।

**अडूसा (वसाका) खांसी का बेहतरीन घरेलू इलाज**
डॉक्टर के अनुसार, अडूसा का पौधा (जिसे वसाका भी कहा जाता है) खांसी के लिए बहुत फायदेमंद है। पुराने जमाने में हमारी दादी–नानी भी इसका इस्तेमाल करती थीं। यह प्राकृतिक रूप से कफ को दूर करने में मदद करता है और गले की खराश को कम करता है। सर्दी, खांसी और फ्लू के लक्षणों से राहत पाने के लिए यह एक बेहतरीन उपाय है।

**छाती का भारीपन होगा कम**
खांसी के कारण अगर छाती में जकड़न या भारीपन महसूस हो रहा है, तो अडूसा इसे कम करने में मदद करता है। यह बंद नाक और सांस लेने में तकलीफ को भी दूर कर सकता है। इसके अलावा अडूसा के पत्तों में ऐसे औषधीय गुण होते हैं जो कफ को कम करते हैं और अस्थमा, ब्रोंकाइटिस, साइनसाइटिस जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

**अडूसा का उपयोग कैसे करें?**
अडूसा का जूसरू अडूसा के पत्तों का रस खांसी और अस्थमा के लक्षणों को कम करने में बहुत असरदार होता है। इसके लिए अडूसा के पत्तों को पीसकर रस निकालें और रोजाना सुबह खाली पेट 5–10उस जूस पिएं।

# मोतियाबिंद के घरेलू उपाय, बनी रहेगी आंखों की रोशनी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और गलत जीवनशैली के कारण कई समस्याएं पैदा हो रही हैं। इनमें से एक प्रमुख समस्या आंखों से जुड़ी हुई है, जो कि मोतियाबिंद की समस्या को जन्म देती है। पहले यह बीमारी वृद्धावस्था में देखी जाती थी, लेकिन अब यह युवाओं में भी तेजी से फैल रही है। इसका मुख्य कारण बढ़ता प्रदूषण, मानसिक तनाव, नींद की कमी और असंतुलित आहार है। डॉ. मंदीप सिंह बसु,निदेशक–डॉ. बसु आई केयर सेंटर के अनुसार, मोतियाबिंद में आंखों की लेंस की पारदर्शिता कम हो जाती है, जिससे दृष्टि कमजोर हो जाती है। हालांकि, आयुर्वेद ने इस समस्या से बचाव और उपचार के लिए कई प्रभावी उपाय दिए हैं, जो प्राकृतिक और सुरक्षित हैं।*

**प्रदूषण और तनाव का प्रभाव**
वातावरण में बढ़ता प्रदूषण आंखों में जलन और सूखापन उत्पन्न करता है, जिससे आंखों की कोशिकाएं कमजोर हो सकती हैं। इसके अलावा, मानसिक तनाव और नींद की कमी भी आंखों की सेहत पर बुरा असर डालते हैं। अनियमित नींद और अधिक तनाव आंखों के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं और यदि यह समस्या लंबे समय तक बनी रहती है तो मोतियाबिंद जैसी गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। ऐसे में आयुर्वेद का सहारा लेना बेहद लाभकारी हो सकता है।

**त्रिफला से आंखों को धोना**



त्रिफला चूर्ण एक प्रसिद्ध आयुर्वेदिक उपाय है जो आंखों की सेहत को बनाए रखने में मदद करता है। त्रिफला को पानी में मिलाकर आंखों को धोने से आंखों की सफाई होती है और संक्रमण से बचाव होता है। यह आंखों की सूजन और जलन को भी कम करता है और दृष्टि को सुधारने में मदद करता है।

**गाय के घी की बूंद**
गाय के घी का उपयोग आयुर्वेद में कई रोगों के उपचार के लिए किया जाता है। शुद्ध देशी गाय के घी की 1–2 बूंद आंखों में डालने से आंखों की नमी बनी रहती है, जिससे सूखापन और जलन कम होती है। यह उपाय आंखों को पोषण देता है और दृष्टि को तेज करता है।

**आंवला का सेवन**
आंवला, विटामिन सी का प्रमुख स्रोत है, जो आंखों के लिए अत्यंत लाभकारी है। आंवला का नियमित सेवन आंखों के लिए पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है और मोतियाबिंद से बचाव करता है। यह आंखों की कोशिकाओं को स्वस्थ रखने में मदद करता है और दृष्टि को स्पष्ट बनाता है।

**स्टेरॉयड से बचें**
आंखों के लिए स्टेरॉयड्स का उपयोग हानिकारक हो सकता है, क्योंकि यह आंखों के लेंस को प्रभावित कर सकता है। इसलिए, स्टेरॉयड्स के प्रयोग से बचना चाहिए और प्राकृतिक उपायों का सहारा लेना चाहिए।

**योग और प्राणायाम**
आंखों की सेहत को बनाए रखने के लिए योग और प्राणायाम भी बेहद लाभकारी होते हैं। अनुलोम–विलोम, त्राटक और पल्मिंग जैसे योग अभ्यास आंखों की दृष्टि को तेज करने और आंखों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। ये अभ्यास तनाव को कम करने के साथ–साथ आंखों की मांसपेशियों को भी मजबूत करते हैं।



## कैंसर का 10 गुना खतरा, चीनी डालकर 5 सेकंड में करें नकली घी की जांच

नकली घी खाने से कैंसर का खतरा 10 गुना बढ़ सकता है। क्योंकि पहले से हमारे आसपास मौजूद उपकरण, तरंगे, मशीन, मोबाइल, मोटापा, फिजिकल एक्टिविटी की कम आदि से इस खतरनाक बीमारी के मामले बढ़ते जा रहे हैं। इसके साथ खाने में केमिकल व अनहेल्दी चीजों की मिलावट भी इसके खतरे को कई गुना बढ़ा सकती है। घी के अंदर वनस्पति या हाइड्रोजेनेटेड फैट की मिलावट हो सकती है। इसके लिए 1उस पिघला हुआ घी टेस्ट ट्यूब में लें। इसमें 1उस कॉन्सं्रटेड एचसीएल सॉल्यूशन डालें। फिर आधा चम्मच चीनी डालकर 2 मिनट तेज–तेज हिलाएं। मिक्सचर को अलग होने का समय दें। मिलावटी घी में एसिड की लाल या गुलाबी परत बन जाएगी। फूड सेफ्टी एंड स्टैंटर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया के मुताबिक हाइड्रोक्लोरिक एसिड शुगर मॉलेक्यूल को ग्लोकोज और फ्रुक्टोज में तोड़ता है। डिहाइड्रेशन होने पर दोनों फरफुरल्स बनाते हैं, जो कि वनस्पति या तिल के तेल में मौजूद फेनोल्स के साथ रिएक्ट रते हैं और ये रंग देते हैं। वनस्पति व हाइड्रोजेनेटेड वेजिटेबल ऑयल में ट्रांस फैट बहुत ज्यादा होते हैं, जो कैंसर व कार्डियोवैस्कुलर डिजीज का खतरा बढ़ाते हैं।


## अलसी के बीज खाने का सही तरीका, तभी मिलेगी ताकत

अलसी के दाने कई सारे पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। डॉ. सलीम जैदी ने बताया कि अलसी के छोटे–छोटे भुने बीज आपकी सेहत के लिए किसी सुपरफूड से कम नहीं है। भुनी हुई अलसी शरीर को ओमेगा 3 फैटी एसिड, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट का पावरहाउस देती है। इसमें फाइबर की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। जिस वजह से यह कोलेस्ट्रॉल और कब्ज दोनों में फायदेमंद है। कोलेस्ट्रॉल कम होने से दिल को फिट रखा जा सकता है। कब्ज को दूर करने के लिए फाइबर का यह एक बढ़िया सोर्स है। हड्डियों को मजबूत बनाने के लिए भी यह कमाल की है। खासकर महिलाओं के लिए, जिनको इसका खतरा ज्यादा होता है। साथ ही यह आपकी त्वचा को ग्लोइंग और बालों को हेल्दी बनाती है। डॉक्टर ने कहा, श्भुनी हुई अलसी को दिन में एक से दो चम्मच खाएं। खाने से पहले इसको मोटा–मोटा पीस जरूर लें। क्योंकि इसका बाहरी हिस्सा पेट में ठीक से पच नहीं पाता है, इसलिए कूटना बहुत जरूरी है। इसे सलाद, स्मूदी और दही के साथ मिक्स करें या फिर पानी में भिगोकर खा लें।

## छाती में तेजाब बनता है, खट्टी डकारें आती हैं? अपच–बदहजमी से होगा बचाव



अधिकतर बार जब आप ज्यादा खाते हैं, तो खाना सही से पचता नहीं है और यही वजह है कि एसिड रिफ्लक्स की समस्या होती है। एक्सपर्ट हमेशा कम और बैलेंस्ड डाइट लेने की सलाह देते हैं। इससे खाना जल्दी पचता है और एसिड का कम उत्पादन होता है। कुछ लोग देर से खाते हैं और खाने के तुरंत बाद लेट जाते हैं इससे एसिड रिफ्लक्स की समस्या हो सकती है। एक्सपर्ट जल्दी खाने की सलाह देते हैं ताकि पेट को खाना पचाने के लिए पर्याप्त टाइम मिल सके। खाने के बाद राइट साइड सोने की कोशिश न करें इसके बजाय लेफ्ट साइड सोएं। यह आपके पेट और ग्रासनली के बीच के वाल्व को आपके पेट की सामग्री से ऊपर रखता है, जिससे एसिड रिफ्लक्स को रोका जा सकता है। खाते और सोते समय हमेशा ढीले कपड़े पहनें। इससे पेट पर कम दबाव पड़ता है क्योंकि टाइट कपड़ों की वजह से पेट दर्द, असुविधा और एसिड रिफ्लक्स हो सकता है। स्मोकिंग और शराब दोनों हे पेट के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। यह दोनों चीजें आपके पेट और ग्रासनली की वाल्व को कमजोर करती हैं। इसके बजाय पानी का ज्यादा सेवन करें।



**कब हुई अनिल कुंबले की शादी?**

अनिल कुंबले ने शादीशुदा महिला चेतना रामतीर्था से 1999 में शादी की। कुंबले ने चेथना की बेटी आरुनी को भी गोद लिया और उसे अपना नाम दिया। दोनों के लिए एक नई जिंदगी शुरू करना आसान नहीं था। 1998 में चेथना ने एक जटिल कानूनी लड़ाई के बाद अपने पहले पति से औपचारिक रूप से तलाक लिया था। चेथना एक यात्रा एजेंसी में काम करती थीं, उस दौरान उनकी मुलाकात कुंबले से हुई। ये वह समय था जब अनिल उस समय के बेहतरीन क्रिकेटर्स में से एक थे।

## अनिल कुंबले ने अपनी पत्नी के साथ संगम में लगाई डुबकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले अपनी पत्नी चेतना रामतीर्था के साथ माघी पूर्णिमा स्नान पर्व पर संगम में डुबकी लगाने पहुंचे। कुंबले ने इस अनुभव की तस्वीरों को खुद सोशल मीडिया पर शेयर किया हैं। उनसे पहले मयंक अग्रवाल को महाकुंभ में अपने पिता के साथ पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुए देखा गया। अब कुंबले और उनकी वाइफ की तस्वीरों को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने एक्स पर अपनी पत्नी चेतना संग तस्वीरें शेयर की हैं। यह तस्वीरें प्रयागराज के महाकुंभ की हैं। कुंबले को अपनी पत्नी संग संगम में आस्था की डुबकी लगाते हुए देखा जा रहा हैं। भारत की तरफ से 619 टेस्ट, 337 वनडे और 1136 फर्स्ट क्वास विकेट लेने वाले कुंबले और उनकी वाइफ को एक साथ देखकर फैंस काफी खुश हो रहे हैं। कुछ यूजर उनकी तस्वीरों पर कमेंट उन्हें प्रयागराज पहुंचने पर बधाई दे रहे हैं। खास बात ये है कि कुंबले ने माघ पूर्णिमा पर स्नान किया।

# यशस्वी जायसवाल आउट और वरुण चक्रवर्ती की एंट्री?

**क्रिकेट**

### चैंपियंस ट्रॉफी टीम में दो बदलाव हुए हैं, जिसमें से एक गैरजरूरी है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम में बदलाव हुआ है। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया से जसप्रीत बुमराह बाहर हो गए हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल को बिना किसी कारण बाहर कर दिया गया है। बुमराह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 2024–25 के दौरान चोटिल हुए थे, जबकि यशस्वी जायसवाल को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज में पहली बार 50 ओवरों के इंटरनेशनल मैच के लिए चुना गया था। उन्होंने पहले वनडे में रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज भी किया, लेकिन दूसरे वनडे से बाहर कर दिए गए थे। यह युवा ओपनर मन ही मन सोच रहा होगा कि अगर बाहर ही करना था तो टीम में शामिल क्यों किया?



खैर, टीम इंडिया में हुए इन दोनों बदलावों के रिप्लेसमेंट के तौर पर हर्षित राणा और वरुण चक्रवर्ती की एंट्री हुई है। हर्षित राणा बुमराह की जगह लेंगे, जबकि वरुण चक्रवर्ती यशस्वी जायसवाल की जगह मोर्चा संभालेंगे। ये दोनों ही टी20 में शानदार प्रदर्शन के दम पर टीम इंडिया तक पहुंचे हैं। हालांकि, इनके बीच एक गहरा कनेक्शन यह भी है कि दोनों इंडियन प्रीमियर लीग की मौजूदा चैंपियन फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइटराइडर्स के लिए खेलते हैं। दोनों ने शाहरुख खान की टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी और उस समय टीम के मेंटॉर गौतम गंभीर हुआ करते थे।

इस बीच आईसीसी इवेंट के लिए भारतीय टीम में किए गए बदलावों पर सोशल मीडिया पर खूब सवाल उठाए गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में जायसवाल ने रोहित के साथ ओपनिंग की, जबकि अगर विराट कोहली चोटिल नहीं होते तो श्रेयस अय्यर को बाहर बैठना पड़ता। भारतीय थिंक टैंक ने जायसवाल को श्रेयस अय्यर पर तरजीह दी, लेकिन मैच में श्रेयस अय्यर की तेज–तर्रार फिफ्टी ने पूरे माहौल को बदल दिया। इसके बाद चयन समिति ने चक्रवर्ती के लिए जगह बनाने के लिए जायसवाल की बलि दे दी। उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए रिजर्व का हिस्सा बनाया गया है। हर्षित और चक्रवर्ती को शामिल करना यह संकेत देता है कि चयन बैठक में मुख्य कोच गौतम गंभीर किस तरह की ताकत रखते हैं।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए स्टीव स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया का बनाया गया कप्तान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सिडनी। वनडे विश्व विजेता नियमित कप्तान पैट कमिंस, दिग्गज ऑलराउंडर मिचेल मार्श, तूफानी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में नहीं खेलेंगे। चोट की वजह से ये सभी दिग्गज बाहर गए हैं। कमिंस की गैरमौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान किया था, लेकिन कप्तान का नाम नहीं बताया था। आज जब स्टार्क बाहर हुए तो क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने सारे पत्ते खोलने के लिए मजबूर हो गया। उसने टीम की कमान धोखेबाजी के लिए बैन झेल चुके स्टीव स्मिथ को सौंपी है, जो श्रीलंका में फिलहाल टीम की कमान संभाल रहे हैं।

स्टीव स्मिथ की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम चैंपियंस ट्रॉफी में अपने प्रमुख तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के बिना उतरेगी जिन्होंने निजी कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया है।

**■धोखेबाजी से परिवार और देश को किया था शर्मसार**

वनडे विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलिया को 15 सदस्यीय टीम में कई बदलाव करने पड़े चूंकि कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड और हरफनमौला मिचेल मार्श चोटिल हैं जबकि मार्कस स्टोइनिस ने अचानक संन्यास ले लिया। इस तरह से आधा दर्जन मैच विनर खिलाड़ी बाहर होने के बाद ऑस्ट्रेलियाई चयन समिति के प्रमुख जॉर्ज बेली ने कहा– हम मिच के फैसले का सम्मान करते हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को लेकर उसकी प्रतिबद्धता को लेकर उसका काफी सम्मान है। गॉल में पिछले सप्ताह टेस्ट मैच के आखिरी चरण में स्टार्क के बाएं टखने में तकलीफ थी। वह श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही वनडे श्रृंखला भी नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा है कि स्टार्क ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है और वह इस फैसले पर बयान नहीं देंगे।

यह घटना ऑस्ट्रेलिया के लिए करारे झटके की तरह है चूंकि विश्व कप 2023 में उसकी खिताबी जीत में कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क की अहम भूमिका थी। कमिंस और मार्श की गैर मौजूदगी में स्मिथ टीम के कप्तान होंगे। तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, नाथन एलिस, सीन एबोट और बेन ड्वारशुइस को टीम में शामिल किया गया है।

## भारत-इंग्लैंड के प्लेयर्स ने हाथ में बांधी हरे रंग की पट्टी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीसरा वनडे मैच खेला जा रहा है। इस मैच में इंग्लैंड टीम के कप्तान जोस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। इस मैच में दोनों टीमों के खिलाड़ियों अपने हाथ में हरे रंग की पट्टी बांधे हुए मैदान पर उतरे हैं। आमतौर पर किसी प्लेयर के निधन पर खिलाड़ियों को मैच के दौरान काली पट्टी पहने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए देखा जाता हैं, लेकिन अहमदाबाद में खेले जा रहे इस मैच में खिलाड़ी ग्रीन बैंड पहने नजर आए। ऐसे में आपको बताते हैं इसके पीछे की वजह। दरअसल, हरे रंग की पट्टी खिलाड़ियों ने ःअंग दान करें, जीवन बचाएंः नामक जागरूकता अभियान की शुरुआत के लिए पहनी हैं।

## न्यूज डायरी



### मेडिकली फिट जसप्रीत बुमराह को किया गया चैंपियंस ट्रॉफी टीम से बाहर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय टीम को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की सिलेक्शन कमिटी ने अपडेटेड टीम का ऐलान किया। टीम से जसप्रीत बुमराह और यशस्वी जायसवाल का नाम गायब है, जबकि वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा की एंट्री हुई है। इसके साथ ही पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री का डर सच होते नजर रहा है। उन्होंने कहा कि था कि अगर बुमराह टीम में नहीं हैं तो भारत के आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का चैंपियन बनने की उम्मीद 30ः कम हो जाएंगी। बुमराह ने टी20 विश्व कप में गजब का प्रदर्शन किया था और वह गेंदबाजी में टीम इंडिया के लीडर थे। इस बीच रोचक खबर यह है कि बीसीसीआई और अजीत अगरकर की अगुआई वाली सिलेक्शन कमिटी को मिली एनसीए की रिपोर्ट में जसप्रीत बुमराह को मेडिकली फिट करार दिया गया था। मेडिकल रिपोर्ट में साफ तौर पर कहा गया है कि तेज गेंदबाज ने अपना रिहैब पूरा कर लिया है। हालांकि, बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी की मेडिकल टीम यह पुष्टि नहीं कर सकी कि वह चैंपियंस ट्रॉफी में गेंदबाजी के लिए तैयार हो पाएंगे या नहीं। चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर के पाले में गेंद थी। उन्हें फैसला करना था कि जसप्रीत बुमराह को टीम में शामिल करते हैं कि नहीं।

### खराब फॉर्म से जूझ रहे किंग को मिला दिग्गज का साथ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के पूर्व धुरंधर बल्लेबाज क्रिस गेल का मानना है कि विराट कोहली भले ही खराब फॉर्म से गुजर रहे हों लेकिन वह अब भी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। कोहली पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं, लेकिन गेल भारतीय बल्लेबाज की खराब फॉर्म से परेशान नहीं हैं। दरअसल, गेल ने कहा, फॉर्म कैसी भी हो वह अब भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी है। विराट कोहली अब भी दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज है। आंकड़े इस बात का सबूत हैं। हम सभी जानते हैं कि उन्होंने सभी तरह के प्रारूप में कितने शतक लगाए हैं। हम सभी क्रिकेटर इस तरह के दौर से गुजरते रहते हैं। मैं जानता हूं कि वह अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं लेकिन ऐसा होता रहता है। उन्हें खुद पर भरोसा रखकर वापसी करनी होगी। गेल से पूछा गया कि क्या कोहली चैंपियंस ट्राफी में उनके सर्वाधिक रन बनाने के रिकार्ड को तोड़ पाएंगे? उन्होंने कहा कि यह उसके लिए बेहद आसान काम है क्योंकि वह इससे लगभग 200 रन दूर है। मुझे नहीं पता कि वह कितने मैच खेलेंगे लेकिन मुझे पूरा विश्वास है कि वह 200 से अधिक रन बनाएगा। मुझे पूरा यकीन है कि वह शतक लगाएगा। 36 साल के कोहली पिछले काफी समय से बल्ले से रन बनाने में संघर्ष कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में थोक के भाव से हुए बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आगाज में अब 6 दिन का समय बाकी रहता है। इस टूर्नामेंट से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम को बड़ा झटका लगा है। स्टार पेसर मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस ले लिया हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस टूर्नामेंट के लिए अपनी फाइनल स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। स्टीव स्मिथ को ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान सौंपी गई हैं, जबकि टीम तीन बड़े पेसर्स के बिना टूर्नामेंट खेलने उतरेगी। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट से अपना नाम वापस लेने के पीछे की वजह निजी कारण बताया है। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड इंजरी के चलते चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हैं। आस्ट्रेलियाई टीम को बुधवार को एक और बड़ा झटका लगा। टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा नहीं लेंगे। इसकी पुष्टि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने की है। स्टार्क ने पिछले हफ्ते गाले में श्रीलंका के खिलाफ आखिरी टेस्ट के दौरान सिर्फ चार ओवर गेंदबाजी की थी। कूपर कोनोली ट्रेवलिंग खिलाड़ी होंगे।

# हमारा दून


रविदास जी की प्रतिमा पर श्रद्धा–सुमन अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री धामी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम ने रविदास जी की प्रतिमा पर श्रद्धा–सुमन अर्पित किये

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सन्त शिरोमणि रविदास जयन्ती के अवसर पर ग्राम हेतमपुर, हरिद्वार स्थित मन्दिर पहुँचकर सन्त शिरोमणि रविदास जी की प्रतिमा पर श्रद्धा–सुमन अर्पित किये।

### माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**संवाददाता** ऋषिकेश। माघी पूर्णिमा स्नान पर पर्व पर ऋषिकेश में त्रिवेणीघाट व आसपास आस्था की डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। घाटों पर पूजा–अर्चना के साथ ही दान कर श्रद्धालुओं ने पुण्य लाभ भी किया। बुधवार भोर से ही गंगाघाटों पर स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। दोपहर होते–होते त्रिवेणीघाट समेत आसपास के गंगाघाट श्रद्धालुओं से पटे नजर आए। गंगा में आस्था की डुबकी लगाने के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा–अर्चना की। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जल पुलिस के जवान घाटों पर अलर्ट नजर आए, तो नगर क्षेत्र में यातायात व्यवस्था भी सड़कों पर वाहनों के अत्याधिक दबाव से प्रभावित रही।

### अध्यक्ष पद पर चार और सचिव के लिए पांच नामांकन

**संवाददाता** देहरादून। बार एसएसोसिएशन देहरादून के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार और सचिव के लिए पांच प्रत्याशियों ने नामांकन करवाया है। अध्यक्ष पद के लिए वर्तमान अध्यक्ष राजीव शर्मा और सचिव पद के लिए वर्तमान सचिव राजवीर सिंह बिष्ट ने भी पर्चा भरा है। सबसे अधिक उपाध्यक्ष पद के लिए 12 नामांकन हुए हैं। नामांकन के लिए अधि‍वक्ताओं में खूब उत्साह दिखा। अपने समर्थकों के साथ नामांकन के लिए पहुंचे। आज नामांकन पत्रों की जांच के साथ ही नाम वापसी होगी। 24 फरवरी को मतदान और 25 को मतगणना होगी। इस बार बार एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी में लिए 3374 अधिवक्ता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# अब हमारी देवभूमि खेल भूमि के रूप में स्थापित होगीः सीएम

**राष्ट्रीय खेल**

■ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत आयोजित कुश्ती तथा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को वन्दना कटारिया स्पोर्ट्स स्टेडियम पहुँचकर 38वें राष्ट्रीय खेलों के अन्तर्गत आयोजित कुश्ती तथा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह वर्धन किया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी हम सभी के लिए बड़ा अवसर है। उत्तराखंड के सभी लोगों की तरफ से देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुत धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने हमें मेजबानी का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि नेशनल गेम्स के सभी आयोजन बहुत अच्छे हो रहे हैं। अन्य प्रदेशों के जो खिलाड़ी आए हैं, वह भी एक अच्छा अनुभव देवभूमि से लेकर जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अच्छी खेल सुविधाएं विकसित हुई हैं और खिलाड़ियों ने भी बड़ा अच्छा प्रदर्शन करके राज्य का मान–सम्मान बढ़ाया है। पदक तालिका में भी हम टोप टेन में शामिल हैं, जबकि गोवा में आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेलों में हम 25 वें स्थान पर थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वे राष्ट्रीय खेलों में बड़ी उपलब्धि मिल रही है। उन्होंने कहा कि अब हमारी देवभूमि खेल भूमि के रूप में स्थापित होगी और यहां के खिलाड़ी खेलों के क्षेत्र में अपना भविष्य बनाना चाहते हैं, ऐंसे खिलाड़ियों को अच्छा स्थान मिलेगा, खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का विकास होगा, खेलों के क्षेत्र में उनको अच्छा प्रदर्शन करने के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कई सारे खेल स्ट्रक्चर हरिद्वार व देहरादून में भी बने हैं। राज्य में वेलो ड्रम्स बनाया गया है, अनेक स्विमिंग पूल से लेकर साइकिलिंग के साथ ही अनेक ऐसी प्रतियोगिताएं जो अन्य राष्ट्रीय खेलों में हैंगर्स में होती थीं, वे सारी प्रतियोगिताएं हमारे राज्य में परमानेंट स्ट्रक्चर पर हो रही हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य व अच्छे प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने कहा कि जब बच्चे खाली होते हैं तो बच्चों के नशे एवं ड्रग्स की लत की तरफ आकर्शित होने की संभावना रहती है। उन्होंने कहा कि ड्रग्स फ्री उत्तराखंड के लिए खेल एक बड़ा माध्यम बनने वाला है।

मुख्यमंत्री ने सन्त शिरोमणि रविदास जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सन्त शिरोमणि रविदास का जीवन बहुत प्रेरणादाई रहा है और उनके निमित्त पूरे राज्य में सन्त रविदास जयन्ती पर अवकाश भी घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ियां उनके जीवन से प्रेरणा ले और उनके बताए मार्ग पर आगे बढ़ें।

### 15 फरवरी से शुरु होने वाली शारदीय कांवड़ यात्रा

15 फरवरी से शुरू होने वाली शारदीय कांवड़ यात्रा पर बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कावड़ यात्रा हमारे लिए बहुत बड़ा आयोजन है, राज्य सरकार द्वारा कांवड़ यात्रा पर भी अच्छी व्यवस्था की जाएगी। चार धाम यात्रा भी प्रारंभ होने वाली है, उसकी भी तैयारी कर रहे हैं। शीतकालीन यात्रा में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भी आने वाले हैं उसकी भी हम तैयारी कर रहे हैं। 14 फरवरी को राष्ट्रीय खेलों का समापन समारोह हल्द्वानी में हो रहा है सभी तैयारियां जोर शोर से से चल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में नंदा राज जात यात्रा के साथ ही मां गंगा के तट पर 2027 में अर्द्धकुंभ का भी आयोजन होना है, इसकी भी तैयारियां चल रही है।

# क्रिटिकल मिनरल की खोज में वर्किंग प्लान बनाने के निर्देश

**बैठक**

■सीएस ने आईआईटी रुड़की, मोनाश यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया तथा उद्यम प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने खनन विभाग को भारत सरकार तथा प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप खनिज संपदा में आत्मनिर्भरता बनाए रखने हेतु राज्य में खनिज संपदा की खोज के सम्बन्ध में वर्किंग प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं।



सचिवालय में खनन विभाग, आईआईटी रुड़की, मोनाश यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया तथा उद्यम प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने राज्य में दुर्लभ खनिजों के अनुसंधान हेतु उत्तराखंड सरकार तथा आईआईटी रुड़की के मध्य भागीदारी पर विस्तृत चर्चा की।

मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने खनन विभाग आईआईटी रुड़की तथा उद्यमियों को क्रिटिकल मिनरल की खोज, निष्कासन, प्रसंस्करण तथा रिसाइकलिंग हेतु कार्य प्रणाली विकसित करने हेतु आर–डी पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने राज्य में खनिज सम्पदा में आत्मनिर्भरता हेतु राज्य सरकार, शिक्षा क्षेत्र और उद्योग जगत के बीच सहयोग, साझेदारी और पूरकता के सिद्धांतों पर एक साझा मंच विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

सीएस श्रीमती रतूड़ी ने कहा है कि महत्वपूर्ण खनिजों के मूल्यांकन, अन्वेषण, निष्कर्षण, खनन स्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला विश्लेषण में अग्रणी विशेषज्ञों का सहयोग लेना आवश्यक है, जिसमें आईआईटी रुड़की की प्रमुख भूमिका होगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिज प्रौद्योगिकियों में विशेषज्ञता विकसित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं और व्यावहारिक अनुसंधान तथा क्षमता निर्माण को मजबूत करना आवश्यक है।

### यूसीसी में किसी को भी नहीं मिलेगी थर्ड पार्टी सूचना

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड समान नागरिक संहिता के तहत, सेवाओं के पंजीकरण के समय दी जाने वाली जानकारियों तक किसी भी तीसरे व्यक्ति की पहुंच नहीं हो पाएगी। यूसीसी की तहत होने वाले पंजीकरण की सिर्फ संख्या ही सार्वजनिक हो पाएगी, इसमें किसी की भी व्यक्तिगत जानकारी शामिल नहीं होगी।

अपर सचिव गृह निवेदिता कुकरेती के मुताबिक समान नागरिक संहिता में सूचनाओं की गोपनीयता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। यूसीसी की किसी भी सेवा के लिए दी जाने वाली निजी जानकारी (नाम, पता, मोबाइल, आधार नंबर, धर्म, जाति आदि ) का विवरण किसी भी स्तर पर सार्वजनिक नहीं होगा। सार्वजनिक तौर पर यूसीसी के तहत होने वाले पंजीकरण की संख्या मात्र उपलब्ध होगी, जो वेबसाइट पर नजर भी आने लगी है। इसके अलावा और किसी भी व्यक्ति तक सूचनाओं की पहुंच नहीं है।

### एचडीएफसी बैंक ने साइबर फ्रॉड कवर–अनमोल सैलरी अकाउंट लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। भारत के अग्रणी निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक ने आज साइबर फ्रॉड कवर के साथ भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) वेतन खाता – अनमोल बचत खाता लॉन्च किया है। एचडीएफसी बैंक अपने बचत खाता उत्पाद में लगातार नवाचार कर रहा है। इसी तरह, स्पेशल गोल्ड वूमेन खाता महिलाओं को 5 लाख रुपए तक का कैंसर कवर देता है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।